दिन– शनिवार दिनांक– 01 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने दुलारचंद हत्याकांड में की बड़ी कार्रवाई। बाढ़ के एक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निलंबित। एक अन्य एसडीपीओ और एसडीओ का किया गया तबादला।

02 खराब मौसम के बावजूद एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में की चुनावी सभाएं।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आरा और नवादा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पटना में करेंगे रोड शो भी

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका दीदियों को जो दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी गयी है उसे वापस नहीं लिया जायेगा।

---

निर्वाचन आयोग ने दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में बाढ़ दो के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार और बाढ़ एक के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। आयोग ने पटना ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग का तत्काल तबादला करते हुये उनकी जगह नये अधिकारी की पदस्थापना का आदेश दिया है। निर्वाचन आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से इस आदेश के अनुपालन से संबंधित रिपोर्ट कल दोपहर बारह बजे तक तलब की है।

---

इधर, इस मामले में घोसवरी थानाध्यक्ष मधुसूदन कुमार और भदौर थानाध्यक्ष रवि रंजन को निलंबित कर दिया गया है। कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में दोनों अधिकारियों को निलंबित किया गया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि इस मामले में चार अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

———बाईट———

इधर, दुलारचन्द यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उनकी मौत फेफड़े फटने और आंतरिक रक्तस्राव के कारण हुई। उनकी रीढ़ की हड्डी टूटी हुई पाई

गयी। साथ ही सिर, घुटने और टखने पर गहरी चोट पाई गयी। इसी के साथ उनके दाहिने पैर के पास गोली लगने के निशान भी पाये गये।

---

छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। हालांकि खराब मौसम के कारण विभिन्न राजनीतिक दलों की कई चुनावी सभाएं आज भी नहीं हो सकीं। नेताओं और स्टार प्रचारकों ने वीडियो कांफ्रेंस और मोबाईल फोन के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सीवान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि बिहार जंगलराज से निकल चुका है और अब विकास के रास्ते पर अग्रसर है।

---बाईट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से गोपालगंज और समस्तीपुर में जनसभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में अब नरसंहार की जगह सुशासन का राज है।

---बाईट---

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली के महुआ और जंदाहा में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उन्होंने बिहार को जंगलराज से निकालकर न्याय के साथ विकास के पथ पर राज्य को आगे बढ़ाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने तरैया, मढ़ौरा और गरखा विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों को जीताने की अपील की।

---बाईट---

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि बिहार में हर जगह एनडीए की लहर है और राज्य में एनडीए की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए एकजुट है जबकि महागठबंधन पूरी तरह बिखरा हुआ है।

---बाईट---

राजद के वरिष्ठ नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज कई जनसभाओं को मोबाईल फोन से संबोधित किया। बाद में मौसम सामान्य होने पर वे सीवान के रघुनाथपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित

जनसभा में शामिल हुये। उन्होंने कहा कि महागठबंधन ने जो भी घोषणाएं की हैं, उन्हें वे पूरा करेंगे।

–––बाईट–––

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बेगूसराय के बछवाड़ा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये राज्य की वर्तमान सरकार पर लोकलुभावन योजनाओं के जरिये वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

–––बाईट–––

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज दरभंगा के बहादुरपुर में महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि एनडीए ने युवाओं को नौकरी देने के नाम पर हमेशा से ठगा है।

–––बाईट–––

भाकपा–माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने समस्तीपुर के कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रंजीत राम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर घोषणा पत्र में जो भी वायदे किये गये हैं, उसे पूरा किया जायेगा।

–––बाईट–––

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा ने कहा कि महागठबंधन को लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और राज्य में महागठबंधन की ही सरकार बनेगी। इधर, जनशक्ति जनता दल, जनसुराज और बहुजन समाज पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दल भी अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान चला रहे हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आरा और नवादा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि श्री मोदी कल ही पटना में रोड शो भी करेंगे। इस रोड शो के माध्यम से श्री मोदी पटना जिले की चौदह विधानसभा सीटों के एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करेंगे।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी चार नवम्बर को प्रदेश की महिलाओं के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल बेगूसराय और खगड़िया में महागठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

राज्य में आदर्श संहिता लागू होने के बाद से विभिन्न प्रर्वतन एजेंसियों, गश्ती यूनिटों और निगरानी टीमों ने चालीस करोड़ अड़तालीस लाख रुपये मूल्य की शराब और इक्कीस करोड़ अंठावन लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। मतददाताओं को लुभाने के लिए एकत्र की गई पच्चीस करोड़ छत्तीस लाख रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। इसके अलावा नौ करोड़ इकतीस लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका दीदियों को जो दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी गयी है उसे वापस नहीं लिया जायेगा। श्री कुमार ने लोगों से इस संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

---बाईट---

---

चक्रवाती तूफान मोन्था के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया के बलतारा में सबसे अधिक एक सौ सत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, मुंगेर के संग्रामपुर में एक सौ पचपन मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। कल से मौसम साफ रहने की सम्भावना है।

---बाईट---

---

आज देवोत्थान एकादशी है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु चार महीने बाद योग निद्रा से जगते हैं। इसके साथ ही चतुर्मास का समापन होता है और मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है। आज के दिन तुलसी–शालीग्राम विवाह की भी परंपरा है।

---

बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्व याद किया गया। इस अवसर पर पटना के रविन्द्र भवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

किया गया है। कार्यक्रम में सीता राम सिंह, विजया भारती, तृप्ति शाक्या और शारदा सिन्हा की पुत्री वंदना सिन्हा समेत कई प्रतिष्ठित कलाकार शामिल हो रहे हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. निर्वाचन आयोग ने दुलारचंद हत्याकांड में की बड़ी कार्रवाई। बाढ़ के एक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निलंबित। एक अन्य एसडीपीओ और एसडीओ का किया गया तबादला।

02 खराब मौसम के बावजूद एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में की चुनावी सभाएं।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आरा और नवादा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पटना में करेंगे रोड शो भी

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका दीदियों को जो दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी गयी है उसे वापस नहीं लिया जायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।